तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 31 दिसंबर 2025

14 नव चेतना समाजसेवी संगठन ने तुलसी ...

12 भाजपा का विधानसभा स्तरीय अटल स्मृति में ...




## खबर संक्षेप

### 99 पौवा अवैध शराब जब्त, आरोपी न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल

**बालोद।** थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम लाटाबोड में निर्माणाधीन मकान में अवैध रूप से बिक्री हेतु रखे 99 पौवा रोमियों देशी प्लेन शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मुखबीर से सूचना पर ग्राम लाटाबोड छोटेलाल साहू द्वारा अपने निर्माणाधीन मकान मे अवैध रुप से अधिक मात्रा में शराब बिक्री हेतु रखे होने की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम लाटाबोड जाकर आरोपी एवं उसके निर्माणाधीन मकान की तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से कपडे के थैला मे रखे 99 पौव्वा रोमियों देशी प्लेन शराब प्रत्येक में 180 एमएल भरी हुई कुल मात्रा 17.820 बल्क लीटर शराब जब्त की। जप्त शराब की कीमती 7920 रूपये आकी गई है। रोपी ग्राम लाटाबोड थाना व जिला बालोद निवासी छोटेलाल साहू 70 वर्ष के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### शटर तोड़कर 2.25 लाख पार, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** दुकान का शटर तोड़कर नगदी पार करने का मामला सामने आया है। नेवई पुलिस ने बताया कि कृष्णा टाकिज रोड रिसाली निवासी उमाकांत यादव का मैत्री नगर प्लाट 1 फेस 6 में साई ट्रेडर्स के नाम से पाईप सेनेटरी की दुकान है। दुकान में 28 दिसंबर को दुकान बंद कर कैश काउन्टर में ताला लगाकर घर चला गया। रात करीबन 2:20 बजे गली के चौकीदार ने घर पहुंचकर शटर खुले होने की जानकारी दी।

# जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुगमता और पारदर्शिता के साथ जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सुगमता और पारदर्शिता के साथ जारी है। जिले के ग्राम सनौद के किसान श्रवण कुमार निषाद ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि शासन–प्रशासन की व्यवस्था बहुत अच्छी है, इसका परिणाम है कि उनका धान आसानी से विक्रय हो पाया है।

उन्होंने बताया कि मोबाईल में तुंहर टोकन एप्प के माध्यम से अपने धान के विक्रय हेतु टोकन लिया। पहले सोसायटी में टोकन के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती थी, लेकिन अब मोबाईल के माध्यम से ही घर बैठे ऑनलाईन टोकन प्राप्त करने की सुविधा मिली है, जो कि किसानों के लिए काफी सुविधाजनक साबित हुआ है। किसान श्रवण कुमार ने बताया कि धान खरीदी केन्द्र में सभी सुविधाएं उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि धान खरीदी केन्द्र में आने के पश्चात समय पर ही उनके धान की आर्द्रता माप कर, पर्याप्त मात्र में बारदाना उपलब्ध कराया गया। बारदाना में धान भरने, तौलाई, सिलाई तथा स्टेक में रखने हेतु खरीदी केन्द्र में पर्याप्त मात्र में कर्मचारी उपलब्ध हैं, जिनके माध्यम से समय पर ही उनका धान विक्रय हुआ है।

## धान खरीदी केन्द्र में आर्द्रता माप, बारदाना, तौल और स्टैकिंग जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध



### किसान हुए संतुष्ट

उन्होंने बताया कि शासन प्रशासन की इस व्यवस्था से ही उनके धान का विक्रय आसानी से समय पर सुनिश्चित हुआ है, जिससे वे बहुत ही संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्र में पहुंचने वाले किसानों के लिए बैठक, पेयजल, शौचालय आदि की भी व्यवस्था है, जो उन्हें धान खरीदी के कार्य में काफी सुविधाजनक लगा। उन्होंने किसान हितैषी योजनाओं एवं निर्णयों की सराहना करते हुए कहा कि 3100 रूपये प्रति क्विंटल में धान की खरीदी तथा प्रति एकड़ 21 क्विंटल की खरीदी से सभी किसानों के लिए खेती का कार्य काफी लाभदायक बन चुका है।

**शुरुआत**


**जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में प्राकृतिक सौंदर्य के बीच विकसित किया गया नया पिकनिक स्पॉट**

# सियादेवी जलाशय में एडवेंचर एंड बम्बू राफ्टिंग सेंटर का शुभारंभ आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नववर्ष 2026 के शुभ अवसर पर जिलेवासियों और पर्यटकों को एक नई सौगात मिल रही है। कलेक्टर बालोद दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में विकासखण्ड गुरुर अंतर्गत ग्राम नारागांव स्थित सियादेवी जलाशय में एडवेंचर एंड बम्बू राफ्टिंग सेंटर का निर्माण किया गया है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा द्वारा 31 दिसम्बर को सियादेवी जलाशय में एडवेंचर एंड बम्बू राफ्टिंग सेंटर शुभारंभ किया जायेगा। नववर्ष के आगमन के साथ यह पहल जिले में पर्यटन को नई दिशा देने वाली साबित होगी है।

प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण सियादेवी जलाशय अपनी शांत व मनोरम छटा के लिए जाना जाता है। नववर्ष पर यहां शुरू की गई एडवेंचर और बम्बू राफ्टिंग सुविधा पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगी। इस केंद्र के माध्यम से पर्यटक कम शुल्क में नाव विहार एवं रोमांचक अनुभव का आनंद ले सकेंगे, जिससे नववर्ष का उत्सव प्रकृति के सान्निध्य में और भी यादगार बन सकेगा। इस परियोजना में स्थानीय बांस एवं पारंपरिक तकनीक का उपयोग किया गया है, जो पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ स्थानीय कारीगरों और युवाओं को रोजगार से जोड़ने का माध्यम भी बनेगा। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशिक्षित कर्मचारियों की तैनाती की गई है, ताकि पर्यटक पूरी तरह सुरक्षित वातावरण में जल क्रीड़ा का आनंद उठा सकें। सियादेवी जलाशय के समीप स्थित प्राचीन एवं आस्था का केंद्र सियादेवी मंदिर इस क्षेत्र की धार्मिक पहचान है। वर्षों से यह मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है, जहां विशेष रूप से नवरात्रि और अन्य धार्मिक अवसरों पर बड़ी संख्या में भक्त दर्शन हेतु पहुंचते हैं। अब जलाशय में पर्यटन गतिविधियों की शुरुआत से धार्मिक पर्यटन के साथ–साथ साहसिक पर्यटन का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।



### नए साल से पर्यटकों के लिए खुलेगा राफ्टिंग सेंटर

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि नववर्ष 2026 के अवसर पर शुरू की गई यह पहल जिले की प्राकृतिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और बालोद जिला पर्यटन मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बना सकेगा। भविष्य में यहां अन्य एडवेंचर गतिविधियों को भी विकसित करने की योजना है। साथ ही सियादेवी जलाशय का एडवेंचर एंड बम्बू राफ्टिंग सेंटर अब न केवल श्रद्धालुओं, बल्कि परिवारों, युवाओं और पर्यटकों के लिए एक आदर्श पर्यटन स्थल के रूप में उभरेगा। इस पहल से नए साल में जिले के विकास और पर्यटन विस्तार की नई उम्मीदों का प्रतीक बनेगा।

# नगर मड़ई में चाकूबाजी, पार्षद सहित दो गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर में मंडई-मेला के दिन विगत देर शाम दो गुटों के बीच हुए धक्का-मुक्की के विवाद ने उग्र रूप ले लिया। इस दौरान चाकू से किए गए हमले में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मंडई इलाके में विगत रात लगभग 08 बजे बाजार चौक में दो गुटों के बीच किसी बात को लेकर आपसी विवाद ने झगडे का रूप ले लिया और बात चाकू-बाजी तक पहुंच गयी।

चाकू-बाजी के दौरान दल्ली राजहरा वार्ड नंबर 19 के पार्षद तामेंद्र कोडप्पा (उम्र 23 वर्ष) को सिर,गले तथा पेट मे चोटें आयी है और उनके साथ मौजूद एक युवक निखिल साहू को चाकू से छाती में चोटे आयी है। दोनों घायल युवाओं को उपचार के लिए राजनांदगांव रिफर किया गया है। प्रार्थी चंदन कुमार, निवासी दल्ली राजहरा के शिकायत पर पुलिस डौंडी लोहारा द्वारा कार्यवाही कर आरोपी



शुभम तथा सागर के साथ-साथ 03 नाबालिक आरोपियों तथा फरार लोगो के खिलाफ धारा 296, 109, 3(5) बीएनस के साथ-साथ 05 से अधिक आरोपी होने पर पुलिस द्वारा बलवा की धारा 191(2) तथा 191(3) बीएनस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस द्वारा बताया गया कि प्रकरण में 03 आरोपी नाबालिग है तथा 02 आरोपी फरार है। जिनकी तलाश जारी है पुलिस द्वारा आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से बालिग आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है तथा नाबालिग आरोपियों को बाल संप्रेषण गृह भेजा गया है।



**खबर संक्षेप**

### मंगलमय हरि नाम कीर्तन यात्रा निकाली गई

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग द्वारा संत आशाराम बापू संस्था के साधकों द्वारा हरि नाम कीर्तन मंगलमय प्रभात कीर्तन यात्रा ग्राम खम्हरिया से निकाली गई, यात्रा खमरिया गांव में घुमाया गया। सभी को बापू की संस्था की ऋषि प्रसाद मासिक पत्रिका लोगों में निःशुल्क और 2026 का नूतन वर्ष का कैलेंडर भी बांटा गया। बच्चों को तुलसी की टॉफी दी गई। गांव के लोग भी यात्रा में शामिल हुए। हर रविवार को दुर्ग जिला के जगह जगह यह यात्रा निकाली जाती है। अंत में आरती प्रसादी के साथ समापन किया गया। यह जानकारी युवा सेवा संघ के अध्यक्ष शिवा साहू ने दी।

### दो दिवसीय घासीदास जंयती 31 को उरला में

**भिलाई।** दो दिवसीय गुरु घासीदास जयंती एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम सतनाम समाज ग्राम उरला में 31



दिसंबर से 1 जनवरी तक होगा। इसमें जयंती, ध्वजारोहरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। बुधवार को प्रथम पहर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। अध्यक्षता महापौर भिलाई-चरोदा निर्मल कोसरे करेगें। विशिष्ट अतिथि सभापति कृष्णा चन्द्राकर, ईश्वर लाल साहू,पार्षद भारती राम सूर्यवंशी, पूर्व ओएसडी मनीष बंछोर, अध्यक्ष कांग्रेस ग्रामीण राकेश ठाकुर, अध्यक्ष पटेल समाज उरला अवध राम पटेल, तहसील साहू संघ भिलाई-चरोदा दीपक साहू है। द्वितीय पहर में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघले होंगे।अध्यक्षता विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा करेगें। विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, दिलीप पटेल, खिलावन साहू शामिल होंगे। इसके अलावा ध्वजारोहण 1 जनवरी को किया गया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा होंगे। अध्यक्षता महापौर निर्मल कोसरे करेंगे। विशिष्ट अतिथि सभापति कृष्णा चन्द्राकर, पूर्व ओएसडी मनीष बंछोर, सतीश साहू, पार्षद ईश्वर लाल साहू, भारती राम सूर्यवंशी हैं। कार्यक्रम में संध्या 7 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी लोक गायक गोरेलाल बर्मन का आयोजित है।

### मिली 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नं. 8 ग्राम व पो. निकुम तहसील व जिला दुर्ग निवासी रामेश्वरी साहू की विगत 21 मई 2025 को आंधी तूफान से नीलगिरी का पेड़ इनके ऊपर गिरने से इनकी मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार ग्राम पुरई तहसील व जिला दुर्ग के विक्रम सिंह की विगत 4 मई 2025 को नहाते वक्त तालाब के पानी में डूबने से एवं वार्ड नं. 4 गयाबाई विद्यालय के पास गया नगर दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग निवासी समीर सिंह की विगत 6 सितंबर 2024 को नदी में डूबने से मृत्यु हुई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. रामेश्वरी साहू के पति रिखी राम साहू, स्व. विक्रम सिंह के पिता यशवंत सिंह और स्व. समीर सोनी की पत्नी नीतू सोनी को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# ग्राम चूल्हापत्थरा में चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम चूल्हापत्थरा में चल रहे चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन बुधवार को होगा, जिसमें मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सुभद्रा ईशाप्रकाश साहू होगी। बीते तीन दिनो में धमतरी, कांकेर, बालोद एवं दुर्ग सहित गुरूर ब्लाक के 40 से अधिक क्रिकेट टीमो ने हिस्सा लिया।

विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत कन्हारपुरी तेजराम साहू, वनरक्षक मोती लाल ठाकुर, पुरुषोत्तम सोनी, पूर्व तहसीलदार गरीबा राम कुल्हारा, ग्रामसेवक बसंत भूआर्य, रोजगार सहायक प्रहलाद केसरिया एवं अन्य सदस्यगण गौकरण साहू, मन्नालाल चिराम, जोहरीत राणा, नंदकुमार मांडवी, रामदयाल कुल्हारा, चतुर राम उईके, किशोर साहू उपस्थित होंगे। आकर्षक पुरस्कार बेस्ट बालर, बेस्ट कैचर, बेस्ट ऑलराउंडर, बेस्ट विकेट कीपर के लिए किया गया है। रात्रिकालीन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध



लोक नृत्य संस्था रंग छत्तीसगढ़ ग्राम सुरगी का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में ग्राम विकास समिति अध्यक्ष खेमलाल साहू, सचिव यशवंत सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष उभेराम सिन्हा, गौकरण साहू, ताम्रध्वज कुल्हाड़ा, मनोज मंडावी सहित ग्रामीणो का वि"ाश मार्गदर्शन मिल रहा है। आयोजन समिति अध्यक्ष रोशन लाल शाहू, उपाध्यक्ष दशरथ मंडावी, कप्तान चेतन कुमार, उपकप्तान लोकेंद्र कुमार साहू, सचिव गोपाल ठाकुर अन्य सदस्य दुष्यंत कुमार, दिव्यांश रावटे, दिलेश्वरी ओटी, गजेंद्र यादव, अनिल, नरेंद्र, भूपेश सिंहा, हितेंद्र चिराम, प्रदीप साहू, देवनारायण, जगताप यादव, चित्रकुमार, फ़लेश कुमार, नीतीश, शंकर, राहुल, हरीश, दिलेश्वर, खिलेश्वर, लक्की, योगेन्द्र, पूनमचंद, ताराचंद, भूषण, नानू, सेवंत, मोक्ष, टकेश्वर, भोजराम, ओंकार, मनीष, आशीष, भोला नेताम, शुभम, यमन, आदेश यादव, टुकेश्वर, वासु, धनेश्वर, आशीष, निखिल, कैलाश, तिलक, ईश्वर, कुलेश्वर, लोकेश्वर, संरक्षक सागर, टिके"वर सिन्हा, विजय, मानवेन्द्र, धनराज, यज्ञदत्त, शिवनारायण, संतोश कुंजाम की सक्रिय सहभागिता हैं।

**आयोजन**

**अटलजी के जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर रचनात्मक, सृजनात्मक, समाज सेवा और संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित**

# भाजपा का विधानसभा स्तरीय अटल स्मृति में हुआ सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी वर्ष को विभिन्न रचनात्मक, सृजनात्मक, समाज सेवा, संगोष्ठी एवं सम्मेलन कार्यक्रमों के माध्यम से मनाने के क्रम में छत्तीसगढ़ के प्रदेश एवं जिला संगठन के निर्देश पर डौंडी लोहारा मुख्यालय में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्रम मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, विधानसभा प्रभारी एवं पूर्व सांसद चन्दूलाल साहू और प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर उपस्थित रहे। सम्मेलन में जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, जिला महामंत्री राकेश यादव छोटू, सौरभ लूनिया समेत अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन के दौरान प्रमुख वक्ताओं ने क्रमश अटल स्मृति, अटल जी का आधुनिक भारत और





अटल जी के सुशासन के पथ पर छत्तीसगढ़ विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को एसआईआर पर ध्यान देने और निर्देशित कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने की अपील भी की।

इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल, जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डॉ. देवेन्द्र माहला, जनजाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य होरी लाल रावटे, जिला कोषाध्यक्ष हरिश कटझरे, सह कोषाध्यक्ष मनीष झा, जिला उपाध्यक्ष टिनेश्वर बघेल, भुनेश्वरी ठाकुर, पूर्व जिला मंत्री जयेश ठाकुर सहित नगर पंचायत अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सम्मेलन में शक्ति केंद्र से लेकर बूथ अध्यक्ष, पदाधिकारी और कार्यकर्ता सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# जिले में नीर चेतना अभियान के तहत तांदुला नदी में सामूहिक श्रमदान आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला प्रशासन द्वारा जिले में जल स्त्रेतों के साफ–सफाई एवं उनके संवर्धन के साथ जल संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने हेतु प्रारंभ

- जनप्रतिनिधि, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं और अधिकारियों की भागीदारी

किए गए नीर चेतना अभियान के अंतर्गत बुधवार 31 दिसंबर को तांदुला नदी में श्रमदान के माध्यम से जिले में सांकेतिक जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया जाएगा।

इस अभियान के अंतर्गत बुधवार 31 दिसंबर को जिले के प्रमुख एवं जीवनदायिनी तांदुला नदी को सहजने–संवारने तथा पुराने वैभव और स्वच्छता के साथ इसका पुनरूद्धार करने हेतु सुबह 08 बजे सामूहिक श्रमदान किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा चलाया जा रहे इस महती अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर तांदुला नदी पुल के नीचे निषाद सामुदायिक भवन के पास 31 दिसंबर को सुबह 08 बजे समाज के सभी वर्गों के लोगों की उपस्थिति में सामूहिक श्रमदान अभियान का शुभारंभ किया जाएगा।

इस दौरान जिले के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक एवं स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं जिला प्रशासन के सभी अधिकारी–कर्मचारियों सहित समाज के सभी वर्ग के लोगों के द्वारा सामूहिक श्रमदान कर जिला प्रशासन के इस नीर चेतना अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों तथा जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों एवं समाज के सभी वर्ग के लोगों से कल 31 दिसंबर को सुबह 08 बजे सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर जिले में जल एवं पर्यावरण के संरक्षण व संवर्धन हेतु चलाए जा रहे इस महत्वपूर्ण नीर चेतना अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है।

# टटेंगा में वाणिज्य विषय में स्वैच्छिक उपचारात्मक शिक्षण से बढ़ा विद्यार्थियों का आत्मविश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में वाणिज्य विषय की व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी द्वारा सितंबर माह से लगातार स्वैच्छिक उपचारात्मक शिक्षण दिया जा रहा है। यह शिक्षण त्रैमासिक और अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं में प्राप्त अंकों के आधार पर विद्यार्थियों को विभिन्न समूहों में विभाजित कर संचालित किया जा रहा है।

उपचारात्मक शिक्षण के अंतर्गत विद्यार्थियों के कठिन अध्यायों पर विशेष ध्यान दिया जाता है और उन्हें व्यक्तिगत रूप से मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। कमजोर विषयवस्तु को समझाने के लिए अतिरिक्त अभ्यास, उदाहरण और पुनरावृत्ति के माध्यम से तैयारी करवाई जा रही है, जिससे विद्यार्थियों की सीखने की कमियों को दूर किया जा सके और उनका आत्मविश्वास बढ़ सके।

- कठिन विषयवस्तु को समझाने के लिए उदाहरण, पुनरावृत्ति और अभ्यास के माध्यम से तैयारी

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर. के. देवांगन ने व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी के प्रयासों की सराहना की और कहा कि वे प्रत्येक वर्ष बिना किसी उच्च कार्यालय के निर्देश के स्वेच्छा से उपचारात्मक शिक्षण प्रदान करती हैं। उनके इस समर्पण और परिश्रम का ही परिणाम है कि वाणिज्य विषय में विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम लगातार शत-प्रतिशत रहता है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता परिश्रम से ही प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी कमजोरियों की पहचान कर शिक्षकों के मार्गदर्शन से उन्हें दूर करना चाहिए, जिससे वे अपने विषय में और अधिक मजबूत बन सकें। विद्यालय में चल रहे इस स्वैच्छिक उपचारात्मक शिक्षण से विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ी है तथा परीक्षा की तैयारी को लेकर उनमें सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ है।

# अधिकारियों ने शेष गहन पुनरीक्षण कार्य के तहत राजनीतिक दलों की बैठक ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत आज जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र मुख्यालय के एसडीएम एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के द्वारा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली गई।

इस दौरान एसडीएम एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के द्वारा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग के महत्वपूर्ण दिशा–निर्देशों के संबंध में जानकारी दी गई।

इसके अंतर्गत निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बालोद, गुण्डरदेही एवं डौण्डीलोहारा द्वारा अपने–अपने कार्यालयों में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की



बैठक ली। इस मौके पर तीनों विधानसभा क्षेत्रें के सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी के संदर्भ में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो की बैठक प्रारंभिक प्रकाशन उपरांत बैठक ली गई। जिसमें उन्हें विगत एक सप्ताह प्राप्त हुए आवेदनों के संदर्भ में फार्म–6 की सूची प्रारूप 9, फार्म 7 की सूची प्रारूप–10, फार्म–8 की सूची प्रारूप 11, 11ए, 11बी के संदर्भ में जानकारी दी गई। जानकारी के साथ उन्हे फार्म–6, 7, 8 के प्रारूपों की एक–एक प्रति उपलब्ध कराई गई।

# राष्ट्रीय बॉक्सिंग स्पर्धा के लिए दिपाली का चयन

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने नोएडा उत्तर प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित जिले के होनहार खिलाड़ी कुमारी दिपाली से आज संयुक्त जिला कार्यालय स्थित अपने कक्ष में मुलाकात की। इस मौके पर शहीद वीर नारायण सिंह स्पोर्ट अकादमी बालोद के अन्य बॉक्सिंग खिलाड़ी उपस्थित थे। कलेक्टर मिश्रा ने राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शामिल होने वाली कुमारी दिपाली की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर शहीद वीर नारायण सिंह स्पोर्ट अकादमी बालोद के अध्यक्ष किशोरनाथ योगी, संरक्षक नंदकिशोर साहू भी उपस्थित थे।

ग्राम हीरापुर निवासी दीपाली साहू का नोएडा में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में चयन हुआ, चैंपियनशिप 4 से 10 जनवरी को आयोजित होगा। भिलाई में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दीपाली ने गोल्ड मेडल जीता तथा इसके खेल प्रतिभा को देखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश अमेचुयर बॉक्सिंग



एसोसिएशन के सिलेक्शन टीम ने नेशनल के लिए चयन किया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा संचालित शाहिद वीर नारायण सिंह एकेडमी बालोद में कई सालों से बॉक्सिंग का प्रशिक्षण दे रहा है और यहां के खिलाड़ी राष्ट्र स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं कलेक्टर मैडम ने होने वाले टूर्नामेंट के लिए विजय का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष नंद किशोर साहू, जिला बॉक्सिंग कोच किशोर नाथ योगी एवं बॉक्सिंग की महिला खिलाड़ी समलित रही।

### किसानों की अनुमति के बिना लगाया जा रहा बिजली टॉवर

**दुर्ग।** बोरी लिटिया 132/33 केव्ही लाइन टॉवर बेस निर्माण से प्रभावित किसानों ने विधायक ललित चन्द्राकर से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस पर विधायक ने किसानों को उचित मुआवजा व सूचना देकर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। किसानों ने विधायक को बताया कि उपकेंद्र रसमड़ा से उपकेंद्र सेमरिया लिटिया तक 132/33 केव्ही विद्युत पारेषण लाइन का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसमें उनकी निजी भूमि में बिना सूचना, बिना सहमति एवं बिना मुआवजा निर्धारण के कार्य किया जा रहा है। निजी भूमि में बिना किसी पूर्व सूचना, लिखित नोटिस सहमति तथा बिना राजस्व विभाग द्वारा मुआवजा निर्धारण किए ही टावर बेस का निर्माण प्रारंभ कर दिया गया है जो चिंता का विषय है।

**बिजनेस न्यूज**

# सुमीत बाजार की वूलन महासेल शुरू ग्राहकों को मिल रहे बंपर डिस्काउंट

**रायपुर।** विंटर सीजन को खास और किफायती बनाने प्रदेश की सबसे बड़ी रिटेल चेन सुमीत बाजार की ओर से वूलन महासेल की शानदार शुरुआत की गई है। इस महासेल में ग्राहकों को वूलन कपड़ों की आकर्षक और ट्रेंडी रेंज के साथ जबरदस्त ऑफर्स और बेहतरीन डील्स का लाभ मिल रहा है।

सर्दी के मौसम में फैशन और जरूरत-दोनों को ध्यान में रखते हुए सुमीत बाजार ने सभी आयु वर्ग के ग्राहकों के लिए विशेष कलेक्शन पेश किया है। ऑफर्स की बात करें तो चार वूलन आइटम्स की खरीदी पर 50 प्रतिशत, तीन आइटम्स पर 40




प्रतिशत और दो आइटम्स पर 30 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इन ऑफर्स पर नियम व शर्तें लागू हैं। इसके साथ ही सुमीत बाजार स्टोर्स में ईयर एंड सेल के तहत अन्य कई प्रोडक्ट्स पर भी अतिरिक्त लाभ दिए जा रहे हैं।

सुमीत बाजार में विंटर सीजन को लेकर ग्राहकों की खासी भीड़ देखने को मिल रही है। यहां स्वेटर, स्वेटशर्ट, हुडीज, जैकेट्स, विंडशीटर, कार्डिगन, वूलन गर्ल्स टॉप, शॉल, स्टोल, मफलर, हैंड ग्लव्स, टोपी और थर्मल वियर सहित विंटर वियर की विस्तृत और आकर्षक रेंज उपलब्ध है। इसके अलावा साड़ी, कुर्ती, टी-शर्ट, जींस, शर्ट, ट्राउजर्स, सूटिंग-शर्टिंग, सलवार सूट के साथ-साथ गृह उपयोगी वस्तुएं, सजावट और फर्निशिंग आइटम्स की भी बड़ी रेंज ग्राहकों को मिल रही है। पुरुषों, महिलाओं, किशोरों और बच्चों के लिए लेटेस्ट फैशन कलेक्शन के साथ सुमीत बाजार इस सर्दी को स्टाइलिश और बजट फ्रेंडली बनाने में जुटा हुआ है।

**विपक्षी दलों ने केंद्रों का दौरा कर किसानों की समस्याएं सोशल मीडिया पर साझा की**

# गोड़ेला धान खरीदी केंद्र में उठाव की धीमी गति से किसान परेशान : जिपं सदस्य गुलशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मेरे ही गृह ग्राम गोड़ेला धान खरीदी केंद्र में धान का उठाव बीते डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी कछुआ गति से चल रहा है, अंचल में धान परिवहन ठप्प है।

गुलशन चंद्राकर ने कहा अधिकारियों के रवैए को को देखकर लगता हैं, की अजगर करे ना चाकरी, पंछी करे ना काम की तर्ज पर काम चल रहा है, वही बालोद जिले के अंतिम गांव में अधिकारियों के कदम भी शायद नहीं पड़ते, इसलिए पूरा सिस्टम ही फेल दिख रहा है, समय रहते उठाव हो, ताकि किसानों को कोई दिक्कत ना हो, गौर हो बालोद जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत बड़े ही






उत्साह, लेकिन यह उत्साह ज्यादा दिनों तक किसानों और खरीदी प्रभारी के चेहरे पर नहीं रह सका। दरअसल जिले के कई धान उपार्जन केंद्रों खरीदी जारी है हजारो मैटिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान का उठाव ही सही ढंग से नहीं हो रहा है। यदि ऐसा ही चलता रहा तो आने वाले सप्ताह में कई धान उपार्जन केंद्रों में खरीदी लगभग प्रभावित हो सकती है। धन उपार्जन केंद्रों में किसानों को हो रही परेशानियों को लेकर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल लगातार केंद्रों का दौरा कर किसानों से चर्चा करते हुए उनकी आपबीती सोशल मीडिया पर वायरल भी कर रहे हैं।

धान नही बिकने के कारण अपनी धान की सुरक्षा के लिए किसान रात के कड़ाके की ठंड और शीतलहर में खलिहान में रत जागरण कर रहे, समय रहते लिमिट बढ़ाए, धान उठाये। सेवा सहकारी समिती गोड़ेला में 737 पंजीकृत किसान है, जिसमे अब तक 21751 क्विंटल धान लगभग खरीद हुई है, वही आज पर्यन्त तक सिर्फ 2160 क्विंटल धान का उठाव हुआ हैं।

## खबर संक्षेप

### चाकू लेकर दहशत फैलाने वाले धरे गए

**भिलाई।** लोहे का चाकू लेकर लोगों में दहशत फैलाने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जालबांधा रोड ग्राम बिरेझर चौक चौकी लिटिया सेमरिया बोरी के पास सड़क किनारे बाइक खड़ा कर चाकू लेकर दहशत फैलाया जा रहा था। पुलिस मौके पर पहुंची ग्राम दिलीपपुर केसीजी निवासी चुरामन वर्मा ऊर्फ मनी और ग्राम दिलीपपुर थाना व जिला केसीजी अजय गायकवाड उर्फ ढोकू को पकड़ा गया। आरोपियों के पास से दो लोहे का चाकू, बाइक बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक संतु राम ठाकुर समेत स्टाफ मौजूद थे।

### विधायक लिखी गाड़ी पर पुलिस ने लगाया जुर्माना



**भिलाई।** यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले मोटर साइकिल एवं कार चालकों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर भिलाई नगर थाना अंतर्गत चौक चौराहो पर लगातार चेकिंग की जा रही है। वाहन चेकिंग के दौरान ईनोवा क्रिस्टा कार सीजी 07 सीडी 0013 के कार चालक द्वारा कार को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए यातायात के नियमों का उल्लंघन किया गया है। कार चालक के विरुद्ध धारा 112/183, 108, 194 बी (1), 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। का चालक नितेश कुमार पिता शंजय गेंडरे उम्र 32 साल निवासी कोहका पुरानी बस्ती मिनीमाता भवन सुपेला से जुर्माना वसूला गया।

### घर में घुसकर चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि शंकर नगर छावनी जामुल निवासी पुरेन्द्र कुमार साहू अपनी पत्नी के साथ उपचार कराने रायपुर गया था। 15 दिसंबर को पड़ोसियों के द्वारा चोरी होने की सूचना मिलने पर घर लौटे। तब मकान के भीतर प्रवेश करने पर देखा सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। मकान से अज्ञात ने आलमारी में रखे सोने चांदी का जेवरात, चांदी का सिक्का और नगदी रकम पार कर दिया। आसपास खोजबीन करने के बाद सामान नहीं मिलने पर जामुल पुलिस में शिकायत किया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हुलिया के आधार पर संदेही खुर्सीपार निवासी कुलदीप सिंह उर्फ बी. कुलदीप, एस. विनय उर्फ बुल्लू को पकड़ा गयाष। पूछताछ में आरोपियों ने मकान में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के पास से पुलिस ने सोने की अंगूठी, 1 जोड़ी टाप्स, 9 नग चांदी का सिक्का,1 जोड़ी चांदी का बिछिया जब्त किया गया। जिसकी कीमत 1.83 लाख 500 रूपये आंकी गई है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी जामुल रामेन्द्र सिंह समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

**प्रवचन**

**राधा रमण महिला मंडली की 51 महिलाओं ने संभाली आयोजन की कमान**

# निकुम में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में सुदामा चरित्र ने किया भावविभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम



श्री सिद्ध पीठ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर प्रांगण बाजार चौक निकुम में राधा रमण महिला मंडली निकुम की 51 महिलाओं द्वारा व ग्रामीणों के सहयोग से श्री मद भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कांकेर से पहुंचे कथा

■ सुदामा चरित्र में निस्वार्थ भक्ति और सच्ची मित्रता का वर्णन

वाचक पंडित तोरण शर्मा ने कहा कि इत्र कपड़ों में सुगंध पैदा करता है, मित्र जीवन में सुगंध पैदा करता है, चरित्र जीवन को महापुरुषों की तरह महान बनाता है और महान चरित्र वालों का चित्र हर हृदय पर अंकित होता है। जीवन में इत्र की सुगंध से अधिक महत्व चरित्र की सुगंध का होना चाहिए। जब चरित्र की सुगंध जीवन में होती है, तो जीवन में राम की मर्यादा, महावीर की अहिंसा, बुद्ध की करुणा और नारायण श्री कृष्ण की कर्म योगिता लेकर व्यक्ति जीता है। महाराज ने जीवन के सार और मोक्ष के मार्ग पर प्रकाश डाला। कथा में पंडित तोरण शर्मा ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान और भक्त के बीच केवल भाव का संबंध होता है।

उन्होंने कहा कि सुदामा की गरीबी उनके भक्ति मार्ग में कभी बाधा नहीं बनी। सच्ची मित्रता और निस्वार्थ प्रेम ही वह धागा है जिससे ईश्वर को बांधा जा सकता है, समाज में गिरते नैतिक मूल्यों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हमें सुदामा के संतोष और कृष्ण की उदारता से प्रेरणा लेनी चाहिए। कृष्ण–सुदामा मिलन के प्रसंग पर पंडाल जय श्री कृष्णा के जयकारों से गूंज उठा। राजा परीक्षित के मोक्ष प्रसंग पर बोलते हुए शर्मा जी ने कहा कि मृत्यु एक अटल सत्य है, लेकिन यदि जीवन में भागवत रूपी ज्ञान का प्रकाश हो, तो जीव को भय नहीं रहता। 31 दिसम्बर को तुलसी वर्षा होगी, गोधूलि बेला में श्रीमद भागवत की शोभा यात्र निकलेगी। जिसका घर घर आंगन में दिया जलाकर स्वागत होगा। राधा रमण महिला मंडली समिति निकुम अध्यक्ष लुमेश्वरी बेलचंदन व उपाध्यक्ष सुनीता बेलचंदन ने बताया कि 1 जनवरी गुरुवार प्रदोष व्रत पर्व पर नए वर्ष पर हनुमान मंदिर प्रांगण मंदिर में पूर्णाहुति यज्ञ सहित महा भंडारा होगा, जिसमें समिति के पूरी महिला टीम सहित ग्रामीण साथ मिलकर सहयोग करेंगे।

## ग्राम बासीन में बाल योगी विष्णु अरोरा का भागवत महापुराण यज्ञ आयोजित



**गुण्डरदेही।** ग्राम बासीन में 90 वर्षीय वृद्ध सियाराम साहू द्वारा बाल योगी विष्णु अरोरा का भागवत महापुराण यज्ञ आयोजित किया गया।

कथा के दौरान विष्णु अरोरा ने बताया कि राजा सगर के अश्वमेध यज्ञ रोकने के लिए इंद्रदेव ने उसके घोड़े चुराकर कपिल मुनि के आश्रम में बांध दिया, उनके साठ हजार पुत्र जब छुड़ाने आश्रम पहुंचे तो कपिल मुनि के श्राप के कारण उन्हें मृत्यु प्राप्त हुई, किंतु राजा पृथु के अश्वमेध यज्ञ घोड़ा चुराने के बाद जब राजा को पता चला कि इंद्रदेव यज्ञ संपन्न नहीं होने देना चाहता तो वह स्वयं अश्वमेध यज्ञ समाप्त कर दिया, इससे शिक्षा मिलती है कि दूसरे को दुख तकलीफ हो ऐसा कार्य नहीं करना चाहिए। पहले लोग बाल बच्चेदार हूं कहके रिश्वत नहीं लेते थे, आज बाल बच्चे के लिए रिश्वत लेते हैं। वाणी का काफी प्रभाव होता है, जिसके कर्कश होने पर विवाद एवं नम्रता होने पर प्रेम उत्पन्न होता है। पेड़ पौधे प्रकृति भी है, और संस्कृति भी। इस अवसर पर पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, तहसील साहू समाज पूर्व अध्यक्ष एवं पर्यावरण प्रेमी केशव राम साहू, पूर्व जनपद सदस्य टोमन लाल साहू उपस्थित हुए। कार्यक्रम में रामनाथ साहू, घनाराम साहू, रोहित कुमार, अरुण कुमार यादव, तरुण कुमार, धर्मेंद्र, जितेंद्र, साकेत, सरपंच लखेश्वरी देशमुख, उप सरपंच डोमन साहू, संतोष तारम, संतोष महीलवार, राधेश्याम देवांगन व गायत्री परिवार की भूमिका रही।




## श्रीमद् भागवत कथा में सुदामा चरित्र व राजा परीक्षित मोक्ष का किया भावपूर्ण वर्णन

**अंडा।** गांधी नगर अण्डा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत मंगलवार को श्री सुदामा चरित्र एवं राजा परीक्षित मोक्ष का अत्यंत भावुक एवं प्रेरणादायक प्रसंग सुनाया गया। कथा के कथावाचक पं. डॉ. दिग्विजय शर्मा ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि सच्ची मित्रता स्वार्थ से परे होती है। भगवान श्रीकृष्ण ने अपने मित्र सुदामा को बिना मांगे ही अपार कृपा प्रदान कर यह संदेश दिया कि ईश्वर अपने भक्तों की भावना को ही सर्वोपरि मानते हैं। राजा परीक्षित मोक्ष के प्रसंग में पं. शर्मा ने कहा कि भागवत कथा श्रवण से जीवन के भय, मोह और दुख समाप्त होते हैं तथा मोक्ष की प्राप्ति होती है। राजा परीक्षित का जीवन त्याग, भक्ति और आत्मबोध का प्रतीक है। इस अवसर पर परायणकर्ता पं. सत्यम शर्मा द्वारा विधिवत




शास्त्रोच्चारण एवं भागवत पाठ किया गया। कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु कई बार भावुक हो उठे और "जय श्रीकृष्ण" के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम के आयोजन में प्रमुख रूप से दीनदयाल साहू, दुखीन बाई साहू, घनश्याम साहू, हेमलता साहू, रोशन साहू, मीना साहू, रेखलाल साहू, पुष्पी साहू, कुंवरिया साहू, कामता साहू, नीता साहू, रामनाथ साहू कौशिल्या साहू, बिरेन्द्र साहू माधुरी साहू, प्रशांत साहू, निशा माहू, पल्लवी माहू,राहुल साहू,राकेश साहू, कुशुमलता (खुशी)साहू,सुनिधि साहू,प्रखर साहू, गौरांगी साहू सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे। कथा के समापन पर आयोजक परिवार द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। आयोजकों ने अंतिम दिन 31 दिसंबर को होने वाले गीता व्याख्यान एवं पूर्णाहुति में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की।



## प्रजापिता विश्व विद्यालय ने वाह जिंदगी वाह शिविर का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वाधान में वाह जिंदगी वाह शिविर में परमसत्ता का ज्ञान विषय पर बोलते हुए प्रो. ई.वी. गिरीश जी ने कहा कि परमात्मा के विषय में अनेक प्रकार की गलत फहमी लोंगो के अंदर है।

उन्होने सभा से पूछा कि क्या परमात्मा कैंसर को ठीक करेगा? और दूसरा प्रश्न आपने पूछा कि क्या परमात्मा कैंसर को ठीक कर सकता है? तो कुछ लोंगो ने हां और

■ ईश्वर बीमारियों को सीधे ठीक नहीं करता, लेकिन शक्ति, शांति और प्रेम देता है

कुछ लोंगो ने ना में जवाब दिया। उन्होने बताया कि भगवान हमारी कोई भी बीमारी को ठीक नहीं कर सकता है। अगर भगवान सब की बीमारी ठीक कर देता तो इतने सारे अस्पताल, इतने डॉक्टर की जरूरत नहीं पड़ती। परमात्मा या ईश्वर आपको शांति, शक्ति, प्रेम, संबल दे सकता है, जिससे आपकी बीमारी ठीक हो सकती है, क्योंकि परमात्मा गुणों एवं शक्तियों का भंडार है। ईश्वर के विषय में अनेक प्रकार की मान्यताएं है, विश्वास है, पर ईश्वर की सत्य स्वरूप का ज्ञान केवल ईश्वर को ही है। वहीं आकर स्वयं का सत्य परिचय देते है। सत्य सबके लिए समान होता है। सत्य सार्वभौमिक है। हम स्वयं के बारे में भी गलत तथ्य और गलत मान्यता रखते है। दुख का कारण असत्य के आधार पर जिंदगी है। सत्य अविनाशी होता है। जिसमें किसी के लिए भी किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं होता है। अंतर नहीं होता है। परमात्मा को जानने से पहले स्वयं को जानना जरूरी है, जब हम खुद को जान पाएंगे तभी हम खुदा को जान कते है। ईश्वर ने हमें जिंदगी के साथ उन्हें जीने हमें दो संबंध के प्रति हमारा ध्यान आकर्षित करवाता है। पहले स्वयं का स्वयं से संबंध और दूसरा है स्वयं का परमात्मा से संबंध। हम स्वयं ही स्वयं का मित्र बने। जैसे एक दोस्त आपके प्रति सहानुभूति रखता है। प्यार करता है, मदद करता है। वैसे ही हम स्वयं के प्रति मित्र भाव रखें, सेल्फ रिस्पेक्ट, सेल्फ स्टीम, सेल्फ कॉन्फिडेंस रखें तो जीवन आसान हो जाएगा। सामान्यतः देखा गया है कि व्यक्ति स्वयं ही स्वयं को क्रिटिसाइज करता है। खुद ही खुद को मन ही मन कोसता है और दुखी होता है। स्वयं ही स्वयं का दोस्त बने, प्यार से मन को समझाएं तो मन खुशियों से भर जाएगा। दूसरा है परमात्मा से संबंध। जितना हमारा परमात्मा से संबंध गहरा होता जाएगा हमारे जीवन सुख, शांति, प्रेम, आनंद आदि से भरपूर हो जाएगा। हमें किसी से प्रेम, शांति, खुशी मांगने की जरूरत नहीं पड़ेगी क्योंकि परमात्मा सुख, शांति, आनंद, प्रेम का मुख्य स्त्रोत है। हमें सब कुछ परमात्मा से प्राप्त करना है और सारे संसार को प्रेम शांति दया करना सहानुभूति बांटनी है तो जिंदगी वाह वाह हो जाएगा।

**प्रथम दिवस भव्य शोभायात्रा कलश यात्रा व वरुण देव पूजन किया**

## भोथली में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की अखंड ज्योति और माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर

■ जनसहयोग से मंदिर निर्माण का लिया गया संकल्प

ग्राम भोथली में तीन दिवसीय पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया।

प्रथम दिवस शोभायात्र निकाली गई, जिसमें क्षेत्र की पीत वस्त्र धारी महिलाओं ने मंगल कलश धारण कर भजन कीर्तन किया और तालाब में वरुण देवता की पूजा की, यज्ञ देव मंच पर कथाकार चम्पेश्वर साहू ने भारतीय संस्कृति की आधार शिलाओं गायत्री, गीत, गंगा और गौ का महत्व बताया। इस अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार से प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित थे।

मुख्य कथाकार चम्पेश्वर साहू, लेखराम साहू, डॉक्टर गोपाल साहू, वरुण कुमार साहू, डोमन साहू उपस्थित थे। उन्होंने कहा गायत्री मंत्र में परमात्मा से सद्बुद्धि प्रदान करने की प्रार्थना निहित है और यज्ञ एवं गायत्री मंत्र भारतीय धर्म एवं संस्कृति का प्रतीक है। दूसरे दिन दीप महायज्ञ में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर और पूर्व जनपद सदस्य रुखमती गंजीर के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। ग्रामीण जन घरों से दीप लेकर शामिल हुए और वेद मंत्रें के साथ नव सतयुग की स्थापना के लिए आरती की, तीसरे दिन विभिन्न संस्कार विद्या आरंभ संस्कार, गर्भवती संस्कार, मुंडन संस्कार, विद्याआरंभ संस्कार किया, अंत में देव दक्षिणा पूर्णाहुति के साथ यज्ञ संपन्न हुआ। डॉ. हरिकृष्ण जंजीर ने कहा गायत्री मंत्र में बहुत बड़ी ताकत है जो व्यक्ति रोज गायत्री मंत्र बोलते हैं उनका भविष्य बन जाता है, गुरु दीक्षा, गुरु और शिष्य की आध्यात्मिक रिश्ता है, जिसमें गुरु अपने तप, साधना, पुण्यकरण शिष्य को प्रदान करता है और इस अवसर पर गायत्री परिजन भोथली की ग्रामीण जनों की मांग पर गायत्री मंदिर निर्माण के लिए 21000 हजार रुपए देने की घोषणा किया, इस अवसर पर मंदिर निर्माण के लिए ग्रामीणों ने भी दान दिए और इस मंदिर को जन सहयोग से बनाने के लिए कहा गया।

इस आयोजन में मुख्य रूप से अरविंद साहू दुर्ग और उनके धर्म पत्नी केवन्ती साहू द्वारा एवं गायत्री प्रज्ञापीठ भोथली के परिजन द्वारा संपन्न किया गया। इस अवसर पर हीरक मंडल धनेली अध्यक्ष रघुनाथ साहू, पूर्व अध्यक्ष रामूलाल सिन्हा, राम जी साहू, हरिश्चंद्र साहू, ईश्वर सार्वा, धनाराम साहू, शालिक राम साहू, अजीत राम गंजीर, अनूसोईया साहू, मोरध्वज साहू, रेमन साहू, समारु राम साहू, भूपतराम साहू, दुकालू साहू, पूरन साहू, कन्हैया राम साहू एवं हीरक मंडल धनेली के सभी ग्राम के अध्यक्ष गण एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

**पॉक्सो एक्ट एवं किशोर न्याय अधिनियम पर जागरूक किया गया**

## महाविद्यालय गुरूर में बाल विवाह प्रतिषेध व बाल संरक्षण कानूनों पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



स्व डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरूर के छात्र छात्राओं के लिए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, लैगिंग अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 एवं किशोर न्याय व बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम 2015 से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग बालोद से सुपर वाईजर डामेंद्र साहू, आउटरीच वर्कर बसंती कतलाम, केस वर्कर हेमशंकर निर्मलकर उपर्युक्त विषयों पर जानकारी देने के लिए उपस्थित हुए थे। वक्ताओं ने बाल विवाह को कानूनन अपराध बताते हुए कहा कि निर्धारित आयु से कम उम्र में विवाह करना अपराध है और इसमें सम्मिलित होने वाले सभी लोगों के लिए सजा का प्रावधान है। अगर कहीं ऐसा होता है तो आप लोग टोल फ्री नंबर 1098 पर शिकायत कर सकते हैं जिससे इसे रोक जा सके। हमारा बालोद जिला बाल विवाह मुक्त हो गया है। वक्ताओं ने लैंगिंग अपराध, पॉक्सो एक्ट, किशोर न्याय तथा बालकों के संरक्षण के संबंध में भी विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. केएल रावटे ने छात्र छात्रओं एवं महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ को बाल विवाह निषेध की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में संयोजक प्रो. प्रज्ञा कोरपे, महाविद्यालय स्टॉफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## महाविद्यालय अरमरीकला में हुआ बाल विवाह मुक्त भारत अभियान

**बालोद/कलंगपुर।** मदन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में 30 दिसंबर मंगलवार को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला बालोद काउंसलर महिला एवं बाल विकास विभाग पूर्णिमा साहू ने बाल विवाह लैंगिक प्रतिषेध सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दिया। साथ ही सभी छात्र–छात्राओं को शपथ दिलाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कल्पना पॉल, सहायक



प्राध्यापक डॉ यशवंत साव, सहायक प्राध्यापक डॉ रामेश्वर प्रसाद ठाकुर, प्रमोद भारती, डॉ आशीष द्विवेदी, कमलेश्वर साहू, डॉ वंदना ध्रुव, अंजनी पैकरा, डॉ ममिता साहू, सुमन कश्यप, मयंक साहू, अनुराधा सोनी, डॉ रूचि ताम्रकार, प्रदीप साहू, डॉ रमेश साहू, डॉ मीनाक्षी देवांगन, दामिनी झा, दीपेश, छाया रानी साहू, रूद्र प्रताप सोम, मनीष सागर, राघव ठाकुर, दुर्गेश, भूपेंद्र, गुलाब, अंगद एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप



### ओडारसकरी में रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

**गुण्डरदेही।** ग्राम ओडारसकरी में न्यू स्टार क्लब एवं ग्रामवासी के तत्वाधान में एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी का आयोजन रखा गया था। कार्यक्रम में मुख्य रूप कांकेर लोकसभा अध्यक्ष व छाया विधायक आप पार्टी गुण्डरदेही जसवंत सिन्हा उपस्थित थे, सरपंच अनिल सोनी, ग्रामीण अध्यक्ष चेमन सिन्हा, उपसरपंच कुशाल ठाकुर, धनेश देशमुख, वीएस मरकाम, खेमराज सिन्हा, लोमेश ठाकुर एवं ग्रामीण पंचगण उपस्थित रहे। जसवंत सिन्हा ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन बढ़ाया और भविष्य में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

### गैजी मे श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा 4 जनवरी से

**डोंडिलोहरा।** ग्राम गैजी मे श्री राधा वल्लभ धाम की आहुति कृपा से



परमात्मा की साक्षात उदगम गंगा मां मूर्ति स्वरूप श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ साकेत लोक धाम गामी पुण्यात्मा सुंदरिया सिन्हा के वार्षिक श्राद्ध मे दिव्य आयोजन होने जा रहा है, जिस ज्ञान गंगा मे गोता लगाने का पुण्य लाभ गैजी सहित आस पास के सभी श्रद्धालुओं को मिलेगा। यज्ञकर्ता पंकज सिन्हा व सरस्वती सिन्हा ने बताया कि भागवत व्यास पंडित रामकिंकर राजेश तिवारी श्रीवल्लभ धाम साजा लोधी खपरी जिला बेमेतरा होंगे कथा प्रवचन दोपहर 1 बजे से प्रारम्भ होगा। प्रथम दिवस 4 जनवरी माघ कृष्णा पक्ष रविवार जलशा देवी पूजन गौकरण कथा,द्वितीय दिवस बराह अवतार, तृतीय दिवस कपिल अवतार जड़ भरत प्रसंग, चतुर्थ दिवस आजामीन कथा नरसिंह अवतार, पंचम दिवस गजेंद्र मोक्ष वामन कथा श्री रामकपि,सष्ठम दिवस नन्द उत्सव महारास रुखमणि विवाह, अष्टम दिवस सुदामा चरित्र, नवम दिवस परीक्षित मोक्ष शोभा यात्रा होगी, अंतिम दिवस गीता हवन तुलसी वर्षा श्राद्ध यज्ञ पूर्णाहुति भंडारा के साथ यज्ञ का समापन होगा।

### ग्राम कनेरी में 2 जनवरी को होगा मड़ई

**गुरूर।** ग्राम कनेरी में 2 जनवरी को मेला मड़ई का आयोजन किया गया है। जिसमें ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए भूपेश गोपाल छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी की प्रस्तुति होगी। उक्त जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष हेमलाल उइके, राम ईश्वर यादव ने दी।

### नववर्ष पर रिकॉर्डिंग डांस स्पर्धा का आयोजन

**लाटाबोड़।** ग्राम भोईनापार (लाटाबोड़) में डांस प्रतियोगिता नये वर्ष 1 जनवरी गुरुवार को जय मां लक्ष्मी उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासीयों के तत्वाधान में रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। स्पर्धा में विभिन्न आकर्षक पुरुष्कार प्रदान किये जाएंगे। उक्त जानकारी लक्ष्मी उत्सव समिति के अध्यक्ष चोमेन्द्र कुमार साहू,उपाध्यक्ष जीतेश कुमार साहू,सचिव नीलकमल साहू दी।

### कलेक्टर मिश्रा ने मुआवजा राशि का चेक वितरण किया

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय स्थित अपने कक्ष में विद्युत दुर्घटना में मृत पशु मालिकों को मुआवजा राशि का चेक वितरण किया। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर वितरण कंपनी लिमिटेड बालोद के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि 18 मई 2025 को जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम लाटाबोड में विचरण के दौरान 02 गाय एवं 01 भैंस सहित 03 पशुओं की मृत्यु हो गई थी। जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी व राज्य शासन द्वारा पशु मालिकों को मुआवजा राशि प्रदान किया गया है। जिसमें पशु मालिक धरम सिंह साहू, कुमार साहू एवं रिनेश कुमार साहू को आर्थिक सहायता राशि के रूप में 32 हजार 800 रूपये की राशि का चेक प्रत्येक को वितरण किया गया।

## तुलसी पूजन से होती है जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना

# नव चेतना समाजसेवी संगठन ने तुलसी पूजन दिवस श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद




नव चेतना समाजसेवी संगठन के तत्वावधान में तुलसी पूजन दिवस श्रद्धा, आस्था एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर संगठन द्वारा प्रकृति प्रेम, पर्यावरण संरक्षण तथा भारतीय सनातन परंपरा में तुलसी के अद्वितीय महत्व के प्रति समाज को जागरूक करने का भावपूर्ण संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान संगठन की बहनों ने विधिविधान से तुलसी माता का पूजन किया। तुलसी के पौधे पर गंगाजल, कच्चा दूध एवं सिंदूर अर्पित कर, पुष्पमालाओं से श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा तुलसी माता की सामूहिक स्तुति गाई गई

संगठन से जुड़ी पद्मिनी साहू, रेणुका निषाद, दुर्गा जोशी, डिलेश्वरी साहू, रुक्मणी कोसरे, रीता पाठक, ज्योति कौशल, डॉ. यामिनी साहू, सरिता साहू, सुशीला गरिया सहित अनेक बहनें निरंतर समाज सेवा, संस्कृति संरक्षण एवं जन–जागरण के कार्यों में सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं।

संगठन की संयोजिका पद्मिनी देवेंद्र साहू ने कहा कि तुलसी पूजन का मूल उद्देश्य युवा पीढ़ी को अपने धर्म, संस्कृति एवं जीवन मूल्यों से पुनः जोड़ना है। आज की भौतिकवादी जीवनशैली में लोग तुलसी जैसे पवित्र, औषधीय एवं जीवनदायी पौधे के स्थान पर सजावटी पौधों, प्लास्टिक के फूलों एवं कैक्टस को प्राथमिकता देने लगे हैं। तुलसी के माध्यम से हम समाज को धार्मिक, औषधीय एवं वैज्ञानिक महत्व से परिचित कराना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि शास्त्रें में तुलसी को अत्यंत पुण्यदायिनी एवं पावन माना गया है। मान्यता है कि तुलसी समस्त पापों का क्षय करता है तथा पुण्य एवं इच्छित फल की प्राप्ति कराता है। जो व्यक्ति अपने घर में तुलसी का रोपण करता है, उसे यमराज के दर्शन नहीं करने पड़ते। तुलसी की गीली मिट्टी का शरीर पर लेपन कर स्नान करने से सौभाग्य में वृद्धि होती है तथा तुलसी की 108 बार परिक्रमा करने से जीवन में दरिद्रता का प्रवेश नहीं होता। तुलसी का पौधा दिन–रात निरंतर ऑक्सीजन प्रदान करता है, जिससे वातावरण शुद्ध एवं स्वास्थ्यवर्धक बना रहता है। तुलसी के समीप बैठकर प्राणायाम करने से शरीर में रोगनाशक ऊर्जा का संचार होता है, आलस्य दूर होता है, रक्त शुद्ध होता है तथा फेफड़े अधिक सशक्त बनते हैं।

उन्होने औषधीय गुण के संबंध में बताते हुए कहा तुलसी की पत्तियों को जल में उबालकर सेवन करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता एवं स्मरण शक्ति में वृद्धि होती है। तुलसी का काढ़ा, तुलसी की चाय अथवा तुलसी रस में अदरक एवं शहद मिलाकर सेवन करने से सर्दी–खांसी में शीघ्र राहत मिलती है। इसके अतिरिक्त तुलसी का प्रयोग त्वचा रोगों, चेहरे की कांति बढ़ाने तथा बालों के सौंदर्य संवर्धन में भी प्रभावी औषधि के रूप में किया जाता है। दुर्गा जोशी ने कहा कि तुलसी के अद्भुत गुणों के कारण हमारे पूर्वजों ने तुलसी को माता का स्थान दिया है, क्योंकि वह प्रत्येक रूप में मानव जीवन की रक्षा करती हैं। डिलेश्वरी साहू ने कहा कि तुलसी पूजन केवल एक पौधे का पूजन नहीं, बल्कि उसमें निहित देवत्व, ऊर्जा और जीवनदायी तत्वों का वंदन है।

## जिले में अब तक 79,613 किसानों से 35 लाख 45 हजार 750 क्विंटल धान की हुई खरीदी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले में अब तक 79 हजार 613 किसानों से 35 लाख 45 हजार 750 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी कर 842 करोड़ 02 लाख 50 हजार 38 रूपये से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

- धान खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधा के लिए पेयजल, छांव और बैठक की व्यवस्था किया गया
- 842 करोड़ रुपये से अधिक का किया भुगतान

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में धान खरीदी कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु नोडल अधिकारियों द्वारा अपने–अपने प्रभार वाले धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर धान खरीदी कार्य का सतत मॉनिटरिंग कर रहे है। इसके साथ ही धान खरीदी कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने हेतु पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित की गई है।

इसके अंतर्गत धान खरीदी केन्द्रों में अपने धान की बिक्री हेतु पहुँचने वाले किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए उनके लिए शुद्ध पेजयल, छांव, बैठक इत्यादि के अलावा शौचालय आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के अलावा जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा खाद्य, सहकारिता एवं संबंधित विभाग के अधिकारी धान खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर कार्य की सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

## सेन समाज ने किया महिला प्रकोष्ठ का गठन और पदाधिकारियों को बांटे नियुक्ति पत्र





**गुरूर।** सर्व सेन समाज ब्लॉक गुरूर द्वारा समस्त आठों इकाई के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। ब्लॉक स्तरीय महिला प्रकोष्ठ का गठन कर सभी इकाई के पदाधिकारी एवं महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एक साथ संपन्न कराया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि संरक्षक जिला सेन समाज बालोद जगन कौशिक थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक सर्व सेन समाज गुरूर राजेश्वर सेन ने किया। विशेष अतिथि कार्यकारिणी सदस्य जिला सेन समाज बालोद विजय सेन, कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक महामंत्री ब्लॉक सर्व सेन समाज गुरूर कमलेश सेन ने किया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष गुरूर सचिव सीता राम शांडिल्य, नारायण सेन, गजानन सेन, नंद कुमार सेन, रोहित सेन, रामकुमार सेन, गुमान सेन, कामता सेन, डोमन सेन, रमेश सेन, सभी आठों इकाई के पदाधिकारी उपस्थित हुए। आठों इकाई के अध्यक्षो में गुरूर भगवान सेन, छेडीया देवेन्द्र सेन, धनेली ललू राम सेन, पलारी अरुण राम सेन, कुलिया खेम लाल सेन, कोचवाही नरेंद्र सेन, अरमरीकला बालू राम सेन, दर्रा भोला राम सेन एवं महिला प्रकोष्ठ पदाधिकारी अध्यक्ष मंजू कौशिक, उपाध्यक्ष प्रेमलता सेन, सचिव ममता सेन, सहसचिव हितेंद्र, कोषाध्यक्ष माधुरी सेन, संरक्षक प्रतिमा कौशिक उपस्थित रहे।

## कलार समाज का पारिवारिक मिलन एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन 4 जनवरी को

**डौंडीलोहारा** -वनांचल क्षेत्र में स्थित ग्राम किल्लेकोड़ा (शिल्पग्राम) की पावन धरा पर छत्तीसगढ़ कलार समाज डौंडी,दल्ली मंडल, जिला बालोद के तत्वावधान में पारिवारिक मिलन समारोह एवं युवक,युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 4 जनवरी 2026, रविवार को प्रातः 8 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। इस गरिमामय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज के संरक्षक ओमप्रकाश गजेंद्र होंगे।

- समाज के लोग आर जन प्रतिनिधि रहेंगे उपिस्थति

वहीं चमन सिंह (जिलाध्यक्ष), चंद्रहास सिन्हा (सचिव), हरदेव लाल सिन्हा (कोषाध्यक्ष) एवं घनश्याम सिन्हा (कोष निरीक्षक) विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमलेश्वर सिन्हा (मंडलेश्वर, डौंडी,दल्ली मंडल) करेंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में दिनेश सिन्हा (मंडलेश्वर बालोद), मिलन सिन्हा (मंडलेश्वर गुंडरदही), रोशन सिन्हा (मंडलेश्वर अर्जुंदा), चंदन सिन्हा (मंडलेश्वर गुरुर), डॉ. कंवल सिन्हा (मंडलेश्वर डौंडी लोहारा), बिसरू राम सिन्हा (मंडलेश्वर देवी बंगला), लीला डढ़सेना (पार्षद, चिखलाकसा), निर्भय भंडारी (जनपद सदस्य), हेमलता विश्वकर्मा (सरपंच, किल्लेकोड़ा) एवं डॉ. बी. एल. साहसी (राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता) की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डॉ. बी. एल. साहसी ने बताया कि आयोजन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अतिथि स्वागत से किया जाएगा। भोजन अवकाश के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसके बाद पारिवारिक युवक–युवती परिचय सम्मेलन तथा पुरस्कार वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया है, जिनमें भोजन, पेयजल, क्रीड़ा, स्वागत, पंजीयन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मंच संचालन एवं युवक–युवती परिचय प्रभारी शामिल हैं। आयोजन में समाज के लोगों की भारी संख्या में उपस्थिति की संभावना है।

## सांसद खेल महोत्सव में कोलिहामार टीम का शानदार प्रदर्शन, वॉलीबॉल में रही प्रथम स्थान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

सांसद खेल महोत्सव नरहर देव स्कूल कांकेर में संपन्न हुआ। जिसमें गुरुर विकासखण्ड के ग्राम कोलिहामार टीम ने 40 प्लस खिलाड़ियों द्वारा वॉलीबॉल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता लोकसभा कांकेर स्तरीय था जिसमे आठ विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ी पहुंचे थे।

- सांसद भोजराज नाग ने किया सम्मानित

टीम के सदस्यों ने बताया कि इसके पहले क्लस्टर विधानसभा स्तर पर हथौद में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया था। इसके पश्चात आठ विधानसभा जो लोकसभा स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसे लोकसभा सांसद भोजराज नाग द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों में नंद कुमार साहू, इंद्रजीत कंवर, दुष्यंत निर्मलकर, राकेश साहू, तारण साहू, रंजन पड़ित, गजेंद्र, राधेश्याम धुरव, शत्रुघन यादव, योगेश साहू, चंद्र प्रकाश श्याम एवं गगवंशी हैं।

## डौंडी में नगरीय निकाय कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल, कार्यालयों में तालेबंदी



**दल्लीराजहरा।** नगरीय निकाय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष के आव्हान पर अधिकारी–कर्मचारी फेडरेशन द्वारा घोषित तीन दिवसीय हड़ताल को समर्थन देते हुए नगर पालिका दल्लीराजहरा एवं नगर पंचायत डौंडी के कर्मचारी संघ ने सोमवार को कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लगाकर हड़ताल शुरू कर दी। हड़ताल के कारण नगरीय निकायों के नियमित कार्यकाज प्रभावित रहे।

- लंबित मांगों पर ठोस कार्रवाई न होने के कारण कर्मचारियों ने यह कदम उठाया

कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई और नारेबाजी के साथ शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराया। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से लंबित मांगों पर अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण उन्हें यह कदम उठाना पड़ा है। हड़ताल के दूसरे दिन मंगलवार 30 दिसंबर को दल्लीराजहरा एवं डौंडी के कर्मचारी बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय बालोद पहुंचे, जहां उन्होंने जिला स्तरीय आंदोलन में भाग लेकर समर्थन जताया। इस अवसर पर जिला कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गोविन्द राम साहू ने हड़ताली कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारियों की मांगें जायज हैं और जब तक समाधान नहीं होता, तब तक आंदोलन मजबूती से जारी रहेगा। उन्होंने कर्मचारियों से अनुशासन और एकता बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि संगठन पूरी मजबूती के साथ कर्मचारियों के हितों की लड़ाई लड़ेगा। हड़ताल के चलते आम नागरिकों को कुछ असुविधाओं का सामना करना पड़ा, वहीं प्रशासन की ओर से स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

## तेंदुवाही में 9 दिवसीय परिवार कार्यशाला का आयोजन, परिवार मूलक शिक्षा पर दिया गया जोर



**बालोद।** परिवार मूलक ग्राम स्वराज्य व्यवस्था संवाद और उत्सव के तहत मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदुवाही ने 9 दिवसीय परिवार कार्यशाला का आयोजन किया।

इस संबंध में संचालक शिक्षक गेंदलाल कोकडिया ने बताया कि परिवार ही प्रमाण का आधार है, परिवार में जीने से आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलती है, परिवार में प्रमाण पूर्वक जीना एक उत्सव है, बड़े बुजुर्ग जब परिवार में प्रमाण पूर्वक जीते हैं, तो बच्चे उनका अनुकरण करते हैं, बच्चों को संस्कारवान, संस्कारी माता पिता और परिवार जन ही बनाते हैं। उन्होने कहा सिर्फ रक्त संबंधी ही हमारे परिवार जन नहीं होते, अपितु एक समान विचारधारा वाले साथ अध्ययन करने वाले सर्व शुभ को सोचने और जीने वाले भी हमारे परिवार जन हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा यही सिखाती है,समझाती हैं। मध्यस्थ दर्शन, जीवन विद्या और चेतना विकास मूल्य शिक्षा, भारतीय ज्ञान परंपरा का नवीनतम दर्शन हैं, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और सतत विकास लक्ष्य, संयुक्त राष्ट्र संघ के विचार धारा को शिक्षा के माध्यम से साकार करेगी, अंबा दीदी की दिन चर्या और जीवन शैली जीवन विद्या के अनुरूप है, भारतीय संस्कृति, भारतीय ज्ञान परंपरा, भारतीय नारी, एक आदर्श मां, बहन, परिवार जन के रूप में दीदी का जीवन हम सबके लिए अनुकरणीय है, अंबा दीदी ने जीवन विद्या लोकव्यापीकरण अभियान को जन जन तक पहुंचाने के लिए, स्वयं विवाह नहीं की।

## जनदर्शन में कलेक्टर मिश्रा ने दिव्यांगों को ट्राईसायकिल बांटे




**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जनदर्शन में आज ट्राय साइकिल का मांग करने पहुंचे डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम खल्लारी के दिव्यांग हरिओम एवं डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम किल्लेकोड़ा के दिव्यांग ईश्वर रावटे को ट्राय साइकिल प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस दौरान कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल ट्राइ साइकिल मिलने से दोनों दिव्यांग एवं उनके परिजन बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। आज संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन के दौरान जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में लोग कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा से मुलाकात करने पहुंचे थे।

इस दौरान कलेक्टर मिश्रा स्वयं जनदर्शन में अपने फरियाद लेकर उनसे मुलाकात करने पहुंचे लोगों के बीच पहुंचकर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। मिश्रा ने जनदर्शन में पहुंचे लोगों से आत्मीय बातचीत कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आम जनता के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

## पूर्व में कई राष्ट्रीय पुरस्कारों से हो चुके हैं सम्मानित, शिक्षण, प्रबंधन और नेतृत्व पर उत्कृष्ट योगदान

# तामसिंह राष्ट्रीय 'शिक्षा शिरोमणि' मानद उपाधि से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुसुमकसा



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय विद्यालय कुसुमकसा के तामसिंग पारकर व्याख्याता भौतिक शास्त्र द्वारा विशिष्ट शोध पत्र प्रस्तुत करने पर राष्ट्रीय ' शिक्षा शिरोमणि ' मानद उपाधि से सम्मानित किया गया ,यह सम्मान मध्य प्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन (अवंतिका) में ब्रह्मलीन मौनीबाबा के 116 वें श्रद्धापर्व के अवसर पर 5 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में श्री मौनतीर्थ हिंदी विद्यापीठ उज्जैन मध्यप्रदेश, एम.डी. एजुकेशन सोसायटी सरायपाली छत्तीसगढ़ व कलिंगा यूनिवर्सिटी रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय शैक्षिक संगोष्ठी सह सम्मान कार्यक्रम शिक्षा शिरोमणि रिफ्लेक्ट द पर्सेनालिटी ऑफ टीचर्स नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन श्री मौनतीर्थ पीठ चित्रकूट गंगाघाट मंगलनाथ मार्ग उज्जैन में डॉ. पी.आर.वासुदेवन 'शेष' वरिष्ठ हिंदी अधिकारी (भारत सरकार) के मुख्य आतिथ्य डॉ. नन्दलाल मणि त्रिपाठी 'पीताम्बर' धर्मशास्त्री गोरखपुर (उत्तरप्रदेश) की अध्यक्षता, डॉ. संदीप गांधी कुलसचिव कलिंगा विश्वविद्यालय नया रायपुर (छत्तीसगढ़) के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के दौरान देश के विभिन्न राज्यों के शिक्षकों के द्वारा ' ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की भूमिका ' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान अपने शोध आलेख प्रस्तुत किया गया। तामसिंह पारकर ने शिक्षण कार्य, कुशल प्रबंधन, योजना निर्माण, शिक्षा सुविधा, नेतृत्व , नियंत्रण , के साथ एक सुविधादाता के रूप में एक अच्छे शिक्षक के कर्तव्य व उत्तरदायित्व का निर्वहन विषय पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। देश के विभिन्न राज्यों से चयनित 21 शिक्षकों को शिक्षाशिल्पी सम्मान ,8 शिक्षकों को शिक्षा शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। व्याख्याता पारकर को शिक्षा में उल्लेखनीय योगदान, शिक्षा में नवाचार, समर्पित सामाजिक सेवा, विशिष्ट सांस्कृतिक तथा साहित्यिक कार्य के लिए छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग द्वारा ' शिक्षा श्री ' मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण 2025 प्रतिष्ठा से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी राष्ट्रीय शिक्षा शिल्पी अवार्ड, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम शिक्षा रत्न, राधाकृष्णन शिक्षा अवार्ड ,संत गाडगे लोक शिक्षक सम्मान,जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण शिक्षा रत्नो से सम्मानित होकर राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ राज्य तथा बालोद जिले को गौरांवित किया हैं। उनके इस उपलब्धि पर मधुलिका तिवारी जिला शिक्षा अधिकारी बालोद, प्राचार्य सुनीता यादव, प्रवीण कुमार चतुर्वेदी विकासखंड शिक्षा अधिकारी डौंडी, सच्चिदानंद शर्मा बीआरसीसी डौंडी, संजय बेस पूर्व जनपद सदस्य कुसुमकसा, योगेंद्र कुमार सिन्हा भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुमकसा, मंजू बेस जनपद सदस्य कुसुमकसा,डॉ भूपेंद्र मिश्रा अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, सरपंच वेद बाई पिस्दा, उप सरपंच नितिन जैन, अनिल सुथार, मनीष जेठवानी, डॉक्टर नसीम खान, नईम कुरैशी, पंकज जेठवानी, पीटीआई लक्ष्मण गुरुग,शेष कुमार कोसमा तथा समस्त व्याख्यातागण और मित्रों ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिए।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वास रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह, धमतरी
मो.नं. : 8319983810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक